सार-समाचार

जागरुकता रैली निकाली

अजमेर, (कासं)। टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यूपीएससी कोटडा (डस्पेंसरी) द्वारा टोबैको फ्री कैंपेन में जागरुकता के लिए सभा व रैली आयोजन किया गया। रैली श्री सीताराम मन्दिर कोटड़ा शुरू हो जो यूपीएससी कोटडा डिस्पेंसरी पर संपन्न हुई। कोटड़ा डी ब्लॉक अध्यक्ष गिरधर गौड ने बताया कि मंगलवार को टोबैको फ्री यूथ कैंपेन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कोटड़ा स्थित यूपीएससी (डिस्पेंसरी) की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। रैली कोटड़ा स्थित सीताराम मंदिर से शुरू हुई जो डिस्पेंसरी पर संपन्न हुई, रैली में स्कूली बच्चो नारे लगाते हुए चल रहे थे। मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा में यूपीएससी कोटडा डिस्पेंसरी की डॉ. पायल माथुर ने सभा को संबोधित करते हुए तम्बाकू के सेवन करने के नुकसान और सेवन न करने के फायदे की जानकारी दी है। साथ ही सभा में उपस्थित शंकरसिंह रावत उपाध्यक्ष रावत महासभा राजस्थान एवं भाजपा मंडल महामंत्री अजमेर, सुशील कुमार शर्मा कोटड़ा डी ब्लॉक अध्यक्ष गिरधर गौड़, चन्द्र प्रकाश सिसोदिया, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के उप प्रधानाचार्य आलोक, दीपेन्द्र सिसोदिया, योगेश फोजदार, प्रदीप सिंह सांखला, सुनील तिवाड़ी, नरेन्द्र, सम्पत उपाध्याय, सुरेन्द्र गुप्ता आदि ने अपने विचार रखें। कोटड़ा डी ब्लॉक अध्यक्ष गिरधर गौड़ ने सभी बच्चों और डिस्पेंसरी स्टाफ को फल वितरित किए।

कार्यवाही की मांग की

मसूदा, (निसं)। मसूदा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़ित परिवार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किए जाने पर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने सहायक पुलिस उप अधीक्षक सज्जन सिंह को एक लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कार्यवाही की मांग की पीडि़त हेमराज पुत्र हगामी लाल निवासी कानपुरा ने मसूदा पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया कि अपने बाड़े में काम कर रहा था तभी वहां पर मिश्रीलाल पुत्र कल्याण, कौशल्या पत्नी मिश्रीलाल ,रिंकू पुत्री मिश्रीलाल, विनोद पुत्र मिश्रीलाल, मनीष पुत्र मिश्रीलाल, समस्त जाति जाट आपस में एक राय होकर आए और मेरे बाड़े में जबरदस्ती घुस गए और गाली गलौज करने लगे। मिश्रीलाल आते ही लाठी से मेरे सिर पर वार किया जिसके कारण सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा उसके पश्चात इन सभी लोगों ने मारपीट की । सभी लोगों ने जान से मारने की धमकी देकर बोल रहे थे कि इसकी हत्या कर देते हैं ।चिल्लाने पर पास ही पास ही बाड़े में सो रहे परिवार के लोग आए और उन्होंने बचाया मसूदा पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

सालिगरामजी व तुलसी विवाह हुआ

मसूदा, (निसं)। कस्बे मे स्थित सत्यनारायण मंदिर के सालिगराम जी का विवाह कालू की ढाणी निवासी व्यास दंपती पुखराज व्यास एवम सूरज देवी ने अपनी पुत्री रूपी तुलसी के साथ विधिवत परम्परा अनुसार किया। देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह करने की भी एक परंपरा चली आ रही है माना जाता है कि इस दिन तुलसी विवाह करने से व्यक्ति स्वर्ग लोक में जाता है इसी परंपरा जा निर्वहन करते हुए व्यास दंपती ने तुलसी विवाह कर पुण्य कमाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विवाह के लिए मसूदा सत्यानारण मंदिर में विवाह के के लिए लग्न पत्रिका भेजी गईं मोहल्लू वासियों ने लग्न आने पर मंदिर में विधिवत गणपति विराजित किए एवम कलश ले गए। मोहल्लू की महिलाओ ने मंगल गीत गाए। एवम कस्बेवादी ने लग्न के अनुसार पुजारी राकेश वैष्णव के सानिध्य में सालिगराम जी की बारात अजमेर पहुंचे । बारात के अजमेर पहुंचने पर व्यास परिवार के पुखराज, सुभाष चंद्र, राजेश, दिनेश चंद्र, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, बृजेश व्यास ,उत्तम शर्मा प्रभात शर्मा ,मनोज शर्मा ने बारातियों का भव्य स्वागत किया । बारातियों ने प्रसाद लिया एवम पंडित महेंद्र शर्मा ने सालिगराम जी एवम तुलसी का विधिवत मंत्रोचार के साथ विवाह संपन्न करवाया । विवाह संपन्न होने पर व्यास दंपती ने तुलसी जी को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा देकर विदा किया ।

समीक्षा बैठक आयोजित

शाहपुर, (निसं)। निस जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर शेखावत ने समस्त विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, लक्ष्यों, आवेदनों की स्थिति , ई- फाइल के औसत निस्तारण, संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के निस्तारण तथा विभागीय प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय, सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।ज़िला कलेक्टर शेखावत ने सभी अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने के संबंध में निर्देशित किया।उन्होंने सभी विभागाधिकारियों से गुड गवर्नेंस के सभी बिंदुओं की पालना सुनिश्चित करवाते हुए ऑफिस समय में कार्यालय में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया।बैठक के दौरान अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर श्री सुनील पुनिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल

परबतसर, (निसं)। पुलिस थानांतर्गत ठाम मंगलाना रोड आरओबी पर मंगलवार को सुबह सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से मकराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे उपचार दिया गया।मामले के अनुसार मंगलाना निवासी हनुमान प्रजापत (39) अपनी बाइक पर मकराना जा रहा था। इसी दौरान आरओबी पर सामने से स्कूटी सवार एक युवती तेज गति से आई और बाइक को टक्कर मार दी। युवक ने पहले से ही बाइक की स्पीड कम कर ली। दुर्घटना में बाइक सवार नीचे गिर गया और उसके एक पैर में काफी चोट आई। दुर्घटना के बाद युवती स्कूटी लेकर मौके से भाग गई। राहगीरों ने युवक को संभाला और खून रोकने के लिए उसके पैर में पट्टी बांधी। उसके बाद उसे सरकारी अस्पताल भिजवा दिया गया। इस दौरान आरओबी पर काफी भीड़ जमा हो गई। इस मामले में फिलहाल किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी

ब्यावर, (निसं) श्री कृष्णा योग मंच और कराओके सिंगर क्लब का संयुक्त रूप से दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन स्थानीय सुभाष उद्यान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर योग मंच के अध्यक्ष आनंद कुमावत ने योग के महत्व को बताते हुए उससे अपना जीवन बदलने वालो का जीवन परिचय दिया। लगातार योग क्रिया को ज़ारी रखने वाले 85 वर्षीय किशन लाल जांगिड़ ने अपने अनुभव बताते हुए कहा की आज भी मुझे निकट अथवा दूर दृस्टि दोष नहीं है मै बगैर चश्मे के ही सब कुछ पढ़ लिख लेता हूँ। सिंगर के अध्यक्ष संजय सिंह ने जीवन में संगीत का महत्व बताते हुए कहा की योग और संगीत दोनों एक दूसरे के पूरक है। विश्व योग दिवस और विश्व संगीत दिवस एक ही दिन मनाया जाता है।

ग्राइंडिंग मिनरल से निकलने वाली धूल से ग्रामीण परेशान, किया विरोध प्रदर्शन

आसीन्द, (निसं)। आसींद थाना क्षेत्र के आमली खेड़ा अजीतपुरा रघुनाथपूरा की ढाणी में लगभग 10 से 12 ग्राइंडिंग मिनरल से निकलने वाली धूल के कारण ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वही सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इस मिनरल्स मालिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि अब तक 10 से 15 ग्रामीण जनों की मौत हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है मिल मालिकों को समझाने गए ग्रामीणों पर उल्टा पुलिस प्रशासन द्वारा केस दर्ज करवा दिया जाता है जिस कारण कोई भी ग्रामीण इस मिल मालिकों को कुछ नहीं कहता है इससे पूर्व भी अनेक बार प्रशासन को ज्ञापन दिया लेकिन कुछ भी सुनवाई नहीं हुई है । आसींद तहसीलदार जय सिंह ने बताया कि टीम गठित कर मौके पर टीम भेजी गई वहीं मौका पर्चा बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वहीं ग्रामीण कैलाश गुर्जर ने बताया कि इससे पूर्व गोगा भील फला रेबारी समुद्री रेबारी सुखदेव कुम्हार बना रेबारी भेरू भील आदि की मौत हो चुकी है वही उनके परिवार वालों को भी सरकार की ओर से एक-दो जनों को छोड़कर बाकी को कुछ भी सहयोग नहीं मिला है वहीं मिल मालिकों की ओर से भी इनका कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। मृतक गोगा भील की पत्नी कमला भील ने बताया की लगभग दो वर्ष पूर्व उनके पति की मौत हो गई थी एवं उसके चार पत्रिया एवं दो पुत्र है मेरी शादी होने के बाद से ही वह इसी फैक्टियों में मजदूरी करते थे उनकी मृत्यु से पहले इलाज में लगभग 4 से 5 लाख रुपए खर्च हुए लेकिन किसी ने सहयोग नहीं किया वहीं सरकार की ओर से भी कोई सहायता नहीं मिली नहीं मेरे पेंशन चालू हुई है ।

वही ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में लगभग 150 मकान बने हुए हैं जिसमें अगर सर्वे किया जाए तो 50 प्रतिशत से ज्यादा घरों में निवास करने वाले लोगों में यह बीमारी सिलिकोशिश मरीज मिल जाएंगे। वही बताया कि नहीं तो मिल के आस पास पौधारोपण किया गया एवं जगह-जगह चारागाह में मलबा डाल रखा है एवं आम रास्ते में जगह-जगह पत्थर के ढेर पड़े हुए हैं रात्रि के समय में तो यह सैलाब धूल का गुबार बनकर पूरे गांव पर छा जाता है।

आसींद रघुनाथपुर की ढाणी में ग्राइंडिंग मिनरल से निकलने वाले धूल से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

जिला कलक्टर ने ली बैठक

भीलवाडा। अतिक्रमण के चलते सड़क और बाजार में लगाने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 16 नवंबर से अभियान के तौर पर मुहिम चलाई जाएगी। इसी के तहत जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में नगर परिषद, यूआईटी पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए की स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए जीरों टालरेंस रखते हुए प्रभावी कार्यवाही करें। इसके लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, यूआईटी सचिव ललित गोयल, नगर परिषद कमिश्नर हेमाराम चौधरी, डीटीओ गौरव चौधरी को संयुक्त रूप से टीमें बनाकर बनाकर शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए।

बेस्ट टूरिस्ट विलेज घोषित करने के बाद जातरुओं को दर्शन के लिए मिलेगी राहत

अजमेर से देवधाम देवमाली रोडवेज बसों का संचालन किया शुरू

मसूदा, (निसं)। अजमेर मसूदा मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन अब अजमेर से देवमाली तक के लिए कर दिया गया है वही एक बस का रात्रि ठहराव भी अब देवमाली में ही किया जायेगा ।

- **ग्रामीणों व क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर, आजादी के बाद पहली बार बस सेवा शुरू**

मसूदा उपखंड क्षेत्र के ग्राम देवमाली में आजादी के बाद पहली बार रोडवेज बस सेवा का संचालन शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ आई है। देवमाली में यातायात के साधनों के अभाव के चलते देवमाली क्षेत्र के ग्रामीणों को अब तक मसूदा तक पैदल अथवा दुपहिया व अन्य निजी वाहनों की मदद से अपने गंतव्य पर आना जाना पड़ रहा था। लेकिन ग्राम देवमाली को बेस्ट टूरिस्ट विलेज घोषित करने के साथ ही भगवान देव नारायण के मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर अब अजमेर से देवमाली तक बसों का संचालन प्रारम्भ किया गया है जिससे ग्राम देवमाली में भगवान देवनारायण के दर्शनार्थ आने वाले जातरूओं की सुविधा मिल सकेगी अब देवमाली के लिए अजमेर आगार ने अजमेर से मसूदा तक चलने वाली सभी बसों का संचालन मसूदा से बढ़ाकर देवमाली तक कर दिया। जिससे अजमेर से आने वाले जातरूओ को देवमाली के लिए अब सीधी बस सेवा मिल सकेगी। साथ ही एक बस का रात्रि ठहराव भी यहां पर ही होगा। देवमाली से साधन का संचालन नही होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अब तक मसूदा या रामगढ़ से निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा था।

श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी को लेकर विधायक एवं देवमाली सरपंच ने अजमेर आगार के प्रशासन से बसों का संचालन देवमाली तक करने की मांग की थी। जिसको लेकर अजमेर आगार ने देवमाली में रोडवेज बसों का संचालन शुरू किया। इस संबंध में देवमाली सरपंच पूजा गुर्जर ने बताया कि ग्राम देवमाली में आजादी के बाद पहली बार रोडवेज बसों का संचालन शुरू होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को खासी राहत मिलेगी। साथ ही ब्यावर एवं भीलवाड़ा आगार से भी देवमाली तक रोडवेज बसों के संचालन शुरू करने की मांग की गई है।

बेहतर और इंटरैक्टिव तरीके से विद्यार्थियों को शिक्षकों से जोड़ेगा डिजिटल उपयोग : भालेराव

पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ बेहतर और इंटरैक्टिव तरीके से जोड़ने में मदद करेगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए नए अवसर पैदा करेंगे और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायक होंगे।'

कुलपति आनंद भालेराव मंगलवार को राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण और अधिगम में डिजिटल उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के शुभारंभ पर संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन 15 नवम्बर तक होगा। आयोजन में पहले दिन एनआईटीटीटीआर भोपाल से प्रो चंचल मेहरा और प्रो अस्मिता खजांची ने विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल तकनीक के उपयोग का ज्ञान और कौशल प्रदान करना है ताकि वे शैक्षणिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकें। प्रथम दिन के तकनीकी सत्रों मे प्रो. चंचल मेहरा और प्रो. अस्मिता खजांची ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा में आईसीटी के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने डिजिटल शिक्षा के महत्व और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया जो कि आधुनिक शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आईसीटी तकनीक शिक्षा को दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों तक पहुँचाने मे सहायक हो रही हैं।

पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में विभिन्न डिजिटल उपकरणों के उपयोग उनके शैक्षणिक अनुप्रयोगों और कक्षा में प्रभावी एकीकरण के लिए रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में डिजिटल शिक्षण के लिए बदलते ढांचे और मॉडल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे स्वयं, मूक्स और एलएमएस का उपयोग, इंटरैक्टिव सामठी निर्माण जैसे वीडियो, गेमीफिकेशन, सिमुलेशन, एआर और वीआर, और मूल्यांकन उपकरण शामिल हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रही स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस की प्रो ममता रानी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल उपकरणों के महत्व पर जोर दिया उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरण आधुनिक शिक्षा का एक अनिवार्य अंग बन चुके हैं और शिक्षा में नए आयाम जोड़ रहे हैं। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. शैज़ी अहमद, डॉ. रुचि मलिक और डॉ. सुखमंदर सिंह द्वारा किया गया, और यह आयोजन कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

सार-समाचार

कार्तिक एकादशी पर पंचतीर्थ महास्नान

अजमेर, (कासं)।कार्तिक एकादशी पर मंगलवार को पुष्कर मेले के दौरान ब्रह्म मुहूर्त होने के साथ ही कार्तिक पंच तीर्थ महास्नान शुरू हो गए। मंगलवार को देवउठनी एकादशी के अवसर पर शुरू हुए कार्तिक महा स्नान में सुबह 5 बजे से ही सरोवर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। देश के कोने-कोने से पुष्कर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर के जल में आस्था की डुबकी लगाकर अपने घर परिवार और व्यापार में सुख शांति के साथ साथ उन्नति होने की कामना की साथ ही अपने पूर्वजों की आत्मिक शांति के लिए जलदान देकर तर्पण कर्म किए। आज सुबह से ही स्थानीय ब्रह्मा घाट, गऊघाट, वराह घाट, बंशी घाट, बद्री घाट, यज्ञ घाट, सप्तर्षि घाट सहित अन्य सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरोवर की पूजा अर्चना करवाकर खूब दान पुण्य भी किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से सरोवर के सभी 52 घाट आज भरे हुए नजर आए। आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ महास्नान करने का यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहेगा । माना जा रहा है की आज शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालु सरोवर के जल में डुबकी लगाएंगे तो वही अनुमान जताया जा रहा है कि एकादशी से पूर्णिमा तक लगभग चार लाख श्रद्धालु सरोवर के जल में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बनेंगे। सिविल डिफेंस के जवान भी मोर्चे पर तैनात- सरोवर में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक और जहां नगर परिषद पुष्कर ने जगह-जगह खतरे के निशान की झंडिया लगाकर रस्सियां बांधी हैं वहीं दूसरी ओर सिविल डिफेंस के 80 से ज्यादा जवान चौबीसों घंटे सरोवर के घाटों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।

पुष्कर मेलाः तीन स्पेशल ट्रेन चलेंगी

अजमेर, (कासं)। पुष्कर मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 12 नवंबर और 15 नवंबर को स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें अजमेर और पुष्कर के बीच चलेंगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09643 अजमेर से पुष्कर के लिए सुबह 9:30 बजे रवाना होगी और सुबह 10:40 बजे पुष्कर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन गाड़ी संख्या 09644 पुष्कर से सुबह 11:15 बजे रवाना होकर दोपहर 12:20 बजे अजमेर पहुंचेगी। इस मार्ग में ट्रेन मदार, माकड़वाली और बूढ़ा पुष्कर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में 4 साधारण द्वितीय श्रेणी के डिब्बे और 1 गार्ड डिब्बा होगा। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 09645 अजमेर से पुष्कर के लिए दोपहर 1 बजे रवाना होगी और दोपहर 2:15 बजे पुष्कर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन गाड़ी संख्या 09646 शाम 4 बजे पुष्कर से रवाना होकर शाम 5:10 बजे अजमेर पहुंचेगी। यह ट्रेन भी मदार, माकड़वाली और बूढ़ा पुष्कर स्टेशनों पर ठहरेगी और इसमें भी 4 साधारण द्वितीय श्रेणी के डिब्बे और 1 गार्ड डिब्बा होगा। 13 और 14 नवंबर को भी स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएंगी। गाड़ी संख्या 09647 अजमेर से पुष्कर के लिए दोपहर 1 बजे रवाना होगी और दोपहर 2:15 बजे पुष्कर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन गाड़ी संख्या 09648 सुबह 11:15 बजे पुष्कर से रवाना होकर दोपहर 12:20 बजे अजमेर पहुंचेगी।

मतदान दल रवाना

नागौर, (निसं.)। खींवसर विधानसभा सीट पर एक बार फिर उपचुनाव होने जा रहा है। इस बार मुकाबला जोरदार होने से मतदान प्रतिशत में इजाफा होने की पूरी उम्मीद है। मतदान के लिए पुलिस-प्रशासन और निर्वाचन भी पूरी मुस्तैदी से तैयारियों को अंतिम रूप दे चुका है। सोमवार को मतदान दलों के कार्मिकों का अंतिम प्रशिक्षण हुआ और इसके बाद नागौर लॉ कॉलेज से मतदान दल रवाना हुए। इनके साथ ही सभी मतदान केंद्रों के लिए पुलिस जाब्ता भी रवाना हुआ।

आध्यात्मिक यात्रा रवाना

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री और स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर ब्रह्माजी की नगरी पुष्कर में चल रहे 'ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले' में आध्यात्मिक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुष्कर नगर पालिका चैयरमैन कमल पाठक, विभिन्न संप्रदायों के मठाधीश, अनेक समाजों के प्रबुद्ध नागरिकगण सहित विभिन्न संस्थाएं और सामाजिक संगठन उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने मेला कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले, उत्सव और परंपराएँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जो विविधता में एकता का संदेश देती हैं। ये परंपराएँ हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी यह सीख देती हैं कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध और विविध है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि पुष्कर मेले का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था, पर्यटन और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ बनाता है। यहाँ आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इस धरती के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का अनुभव करते हैं, जो केवल भारत में ही संभव है। आध्यात्मिक यात्रा निकाले जाने के दौरान आज पुष्कर में जगह जगह जमकर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जिसके चलते समूचे यात्रा के मार्ग में फूलों की चादर बीच गई। जानकारी के अनुसार लगभग 2 हजार किलो फूल यात्रा के स्वागत में उछाले गए जिसे देख यहां पहुंचे हजारों देशी विदेशी सैलानी भाव विभोर हो गए।

NAME CHANGE
I have changed my name from Pravesh Kumar S/O Radheshyam Sen to Pravesh Kumar Sen S/O Radheshyam Sen. Address: 2/11, Champa Nagar, Beawar, District : Beawar (Rajasthan)

NAME CHANGE
I have changed my name from Monisha D/O Praveen Jain to Anaya Jain D/O Praveen Jain. Address: House No. 114, Adarsh Nagar, Ajmer Road, Beawar, District : Beawar (Rajasthan)

NAME CHANGE
I have changed my name from Pravesh Kumar S/O Radheshyam Sen to Pravesh Kumar Sen S/O Radheshyam Sen. Address: 2/11, Champa Nagar, Beawar, District : Beawar (Rajasthan)

NAME CHANGE
I KAMLA RAI is mother of Army No 15800968Y Rank:-NK(OCC) Name JITEVDRA SINGH DANGI Residing at Village- SIMARIYA, Post - KARRAPUR, Teh - SAGAR Dist - SAGAR, State- MADHYA PRADESH, Pin- 470337I Have changed my name KAMLA RAI to KAMLA BAI Vide affidavit no BW 942308 Date 12/11/2024 before court Campus Nasirabad

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट संख्या 62 मैसर्स शिव महादेव एसोसिएट खनिज ग्रेनाइट क्षेत्रफल 1.0245 हैक्टयर निकट ग्राम शेरगढ तहसील मसूदा जिला ब्यावर राजस्थान को पर्यावरण स्वीकृति SEIAA जयपुर से मिल गई है। जिसका पूर्ण विवरण पर्यावरण विभाग की वेबसाइट Department of Environment पर उपलब्ध है पर्यावरण स्वीकृति पत्र क्रमांक F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/sectt/project/ Cat.B1 (24192)/ 2022-23. jaipur Dated:- 02 SEP 2024. जिसकी प्रतिलिपि MoEF& CC वेब पोर्टल "PARIVESH" तथा SEIAA कार्यालय जयपुर में जनसाधारण के देखने हेतु उपलब्ध है।

तुलसी विवाह में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

आसींद, (निसं)। नगर में देवउठनी एकादशी सोमवार को तुलसी विवाह का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस विवाह के सैकड़ों लोग साक्षी बने। सत्यनारायण छिपा नेगडि़या परिवार द्वारा विवाह को लेकर बारात सजी, तोरण मारा, मंगल गीत गाए और अग्नि के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तुलसी भगवान के फेरों की रस्म अदा की गई। नगर में लगभग एक दो दशक में ऐसा पहला आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु सैलाब उमड़ पड़ा और ऐसा उत्साह उमंग का माहौल पहले कभी देखने को नहीं मिला। नगर के चारभुजा मंदिर से ठाकुरजी की बारात रवाना हुई, जो नगर के मुख्य मुख्य मार्गों, बड़ा मंदिर, पंचायत समिति रोड पंचायत समिति सर्कल से होते हुए कस्बे के सिविल लाइन सत्यनारायण छीपा के निवास पर पहुंची।

बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निशान यात्रा निकाली

बिजयनगर, (निसं)। श्री लखदातार सेवा मित्र मंडल के तत्वावधान में बाबा श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई ।बाबा श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा मंगलवार मध्यान्ह को कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकरशहर के कृषि मंडी रोड पीपली चौराहा महावीर बाजार विवेकानंद सर्किल रेलवे स्टेशन शिव बाजार बालाजी मंदिर रोड सब्जी मंडी सथाना बाजार प्रमुख मागी से नगर भ्रमण करते हुए तेजा चौक पहुंची । डीजे की धुनो के साथ ढ़ोल ढमाको के साथ नाचते झूमते लोक कलाकारो नेअपनी कला का प्रदर्शन किया।

बाबा श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा को देखने के लिए जन सेलाब उमड पड़ा । निशान यात्रा के दौरान बाबा श्याम के भक्तों श्रद्धालु महिलाओं पुरुषों एव बच्चो मे लोक कलाकारों के साथ सेल्फी लेने की होड मची रही ।निशान यात्रा के दौरान मुख्य मार्ग मे जगह-जगह आकर्षक रंगोली सजायी गयी ।, निशान यात्रा के स्वागत के लिए मार्ग में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए नागरिकों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा की । बाबा श्री खाटू श्याम के विग्रह स्वरूप की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्य बाजारों में लोक कलाकारों के प्रदर्शन के लिये स्टेज बनाये गये जिस पर कलाकारो द्वरा मोहक प्रस्तुतियां दी गई जिसे देखने के लिए भीड उमड पडी । शहर के प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण करते हुएशाम को निशान यात्रा के तेजा चौक पहुंची । श्री लखदातार सेवा मित्र मंडल के द्वारा 251 किलो मावे का केक काटा गया केक के प्रसाद को श्रद्धालुओं में वितरित किया गया । इस अवसर परआकर्षक आतिशबाजी की गई ।

बाबा खाटू श्याम के जन्मोतस्व पर निशान यात्रा के दौरान लोक कलाकार प्रस्तुतियां देते।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना अजमेर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या डी-520 क्षेत्रफल 111.11 दर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्रीमती सीता देवी कासट पत्नि श्री रामगोपाल जी कासट निवासी चित्रकूट कॉलोनी, माकड़वाली रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 12/09/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 13/09/2019) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु (1) श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री रामगोपाल जी कासट निवासी अजमेर (2) श्री सुनील प्रकाश पुत्र श्री रामगोपाल जी कासट निवासी अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत किराप पंचायत समिति मसूदा ब्यावर
क्रमांकःजिपकि/निविदा2024/02 दिनांक- 11/11/2024
ई-निविदा सूचना
ग्राम पंचायत किराप में निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 17.00 लाख रू धरोहर राशि 34000/- फार्म शुल्क 500/- टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- के शुल्क आनलाईन/आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 21.11.2024 को पंचायत समिति के खाते में जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 22.11.2024 को पंचायत समिति मसूदा ई प्रकोष्ठ में खोली जावेगी। विस्तृत शर्त निविदा फार्म उल्लेखित है। http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
UBN No. PAE2425WSOB000006
ग्रा